# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

**1. राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में झारखंड को–ऑपरेटिव बैंक के लिए दो सौ करोड़ रुपये के केसीसी ऋण बांटने का लक्ष्य किया निर्धारित।**

**2. राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर कहा– देशभर में होगा पार्टी का विस्तार, भाजपा ने कहा तुष्टिकरण और परिवारवाद पर केंद्रित रहा झामुमो का महाधिवेशन।**

**3. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसा की घटना के खिलाफ पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।**

**4. झारखंड उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त नियुक्ति मामले में राज्य सरकार को दो सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश।**

**5. राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी, 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी।**

***************************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड को–ऑपरेटिव बैंक को चालू वित्तीय वर्ष में कम से कम 200 करोड़ रुपये के केसीसी ऋण बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राजधानी रांची स्थित पशुपालन निदेशालय में झारखंड को–ऑपरेटिव बैंक और नाबार्ड के साथ हुई बैठक में मंत्री ने बैंक प्रतिनिधियों की संख्या भी बढ़ाने का निर्देश दिया। इस दौरान माइक्रो एटीएम की उपयोगिता और लेनदेन को लेकर भी भविष्य की कार्ययोजना तैयार की गई। मंत्री ने बैंक से मिलने वाले लोन में एससी, एसटी और ओबीसी अभ्यर्थियों की भागीदारी बढ़ाने का भी निर्देश दिया।

***************************

राजधानी रांची में आयोजित झामुमो के 13वें महाधिवेशन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि श्री सोरेन के नेतृत्व में पार्टी नये कीर्तिमान बनायेगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केवल तुषिटकरण और परिवार पर केंद्रित रहा है झामुमो का महाधिवेशन।

***************************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा पर कड़ी आपत्ति जताते हुए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है ।

***************************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि रिम्स में मामूली खर्च पर निजी अस्पतालों जैसी उच्च दर्जे की इलाज सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री रांची स्थित रिम्स की शासी परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में कुल 16 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वहीं रिम्स के चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक और रिम्स में शाम के वक्त पेड ओपीडी को लेकर कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया।

***************************

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आज सेंसेक्स एक सौ 65 अंक गिरकर 76 हजार 570 पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 52 अंक गिरकर 23 हजार 277 पर कारोबार कर रहा था।

***************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 2 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं होने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में मुख्य सचिव को दो सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि राज्य में लोकायुक्त का पद साल 2021 से रिक्त है।

***************************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर रांची जिले के विभिन्न अंचलों में दाखिल–खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत 19 अंचलों में आयोजित राजस्व शिविर में 2173 मामले आए जिनमें से 591 मामलों में शुद्धि पत्र का वितरण किया गया। इसमें 670 मामले अस्वीकृत किए गए और शेष लंबित हैं।

**************************

कोडरमा के पूर्व कांग्रेस सांसद तिलकधारी सिंह की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गिरिडीह के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य नेताओं ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल जाना। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पूर्व सांसद तिलकधारी सिहं के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

**************************

गढ़वा जिले में अवैध रूप से बालू के कारोबार पर रोक लगाने और वैध रूप से बालू की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने पहल की है।

**************************

धनबाद के तेतुलमारी थाना क्षेत्र में दो वाहनों की टक्कर में दो यात्री घायल हो गए हैं। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कोयला लदे वाहन में आग लगाकर सड़क जाम कर दी। पुलिस ने आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

**************************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कई इलाकों में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई गई है।

**************************

आईपीएल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*********समाप्त*****************